## खबर संक्षेप

### टीबी रोगियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि टीबी प्रोजेक्ट के अंतर्गत चांद सराय की डेहा बस्ती में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 180 की टीबी व एचआईवी स्क्रीनिंग तथा 150 लोगों के रक्त परीक्षण निशुल्क किए गए। शिविर का संचालन सरकारी अस्पताल की आईसीटीसी टीम ने किया। मौके पर लोगों को नियमित इलाज और प्रोटीनयुक्त आहार लेने की सलाह दी गई।

### 45 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 45 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशा निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पिल्लूखेड़ा निवासी मनोज स्मैक लिए हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मनोज को काबू कर लिया।

### लाठी, डंडे व चाकुओं से हमला कर किया घायल

**कैथल।** गांव खानपुर में हुए हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। हमले में लाठी, डंडे और चाकू जमकर चले। गांव खानपुर के नरेश कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 जुलाई को जब सुबह अपने गांव से जा रहा था तो गांव के ही जिले सिंह, हाकम और गौरव ने लाठी, डंडे और चाकू से हमला किया।

### कैंटर से युवक का शव बरामद, मचा हड़कंप

**सफीदों।** सफीदों रोड स्थित राजकीय कालेज के निकट एक कैंटर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर सफीदों थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

### चोरी मामले में आरोपी दबोचा, बाइक बरामद

**कैथल।** बाइक चोरों पर शिकंजा कसते एक मामले की जांच दौरान थाना ढांड पुलिस के एचसी संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी बरसाना निवासी शैंकी को गिरफ्तार कर लिया गया। ढांड निवासी साहिल गर्ग की शिकायत अनुसार 4 जुलाई को ढांड स्थित उसकी दुकान के पास से अज्ञात उसकी बाइक चोरी करके ले गया।

### एक किलोग्राम अफीम सहित नशा तस्कर काबू

**कैथल।** एंटी नारकोटिक्स सैल द्वारा कलायत से एक नशा तस्कर को 1 किलोग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम को सूचना मिली थी।

# प्रतियोगिता परीक्षा में सीमा, विंदम, अरूण, परमजीत, अंतराम, रूमा, नेहा और प्रिंस अव्वल

## परीक्षा में लाइब्रेरी के 75 पाठकों ने भागीदारी की, अव्वल आने वाले पाठकों को सम्मानित भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा स्वामी भीष्म लाइब्रेरी में शनिवार को प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया।जिसमें लाइब्रेरी के 75 पाठको ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले पाठकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त नगर पालिका पार्षद अनिल जावा, प्राध्यापक सतीश गवास्कर, प्राध्यापक पवन कुमार, स्वच्छता मोटीवेटर राजेश जोगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को लाइब्रेरी पाठकों द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लाइब्रेरियन सन्दीप लोहट ने सर्वप्रथम



नवनियुक्त पार्षद अनिल जावा को बधाई दी और बताया कि नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है जहां पर दर्जनों गांव के लगभग 80 से 85 युवा रोज लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आते हैं। लाइब्रेरी में अभी तक 25 से अधिक पाठकों का विभिन्न सरकारी विभागों में चयन हो चुका है। लाइब्रेरी में पाठकों की आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए समय समय पर कई प्रतियोगिता भी कराई जा रही हैं जिससे लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वालें पाठकों को स्वयं का मूल्यांकन करने में सहायता होती है। आज उसी कड़ी ने प्रतियोगिता परीक्षा ली गई जिसमें सीमा, विन्दम, अरूण, परमजीत, अंतराम, रूमा, नेहा, प्रिंस अव्वल आने पर अतिथियों ने इनाम देकर सम्मानित किया।

### प्राध्यापक सतीश ने परीक्षा की तैयारी के गुर सिखाए

प्राध्यापक सतीश गवास्कर ने सभी पाठकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के गुर सिखाए व अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि आप सभी का लक्ष्य पूरी लगन व एकग्रता के साथ प्रतियोगिता की तैयारी का होना चाहिए।तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि पार्षद अनिल जावा ने लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे पाठकों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विधायक हरविंद्र कल्याण ने बहुत ही सुंदर लाइब्रेरी बनाई है। जिसमें आसपास के युवा अपनी तैयारी के लिए आते हैं। सुव्यवस्थित लाइब्रेरी संचालन के लिए नगर पालिका व लाइब्रेरियन संदीप लोहट को बधाई देते हुए कहा कि आप लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर बहुत ही सहरानीय कार्य कर रहे हैं जिससे पाठकों के सरकारी नौकरी में चयन होने के अवसर मिलते हैं।

### स्वच्छता मोटीवेटर राजेश जोशी सफाई के प्रति जागरूक किया

स्वच्छता मोटीवेटर राजेश जोगी ने लाइब्रेरी पाठकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हमें अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बरसात का मौसम चल रहा है हमें पॉलीथिन व प्लास्टिक का प्रयोग कम करें इससे नालियां रुक जाती है जिससे पानी रुक जाने पर मछर पैदा होते हैं और बीमारियां फैलने का कारण बन जाता है इसलिए हमें सफाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में देवीलाल, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, तानिया,आशा, लक्ष्मी, रवि, ऋतु, वंदना, विशाल आदि सैकड़ों पाठक मौजूद रहे।

## करनाल दौरे पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, घरौंडा विश्राम गृह में विधायक से मिले

# कार्यकारिणी टीम से किया संवाद और संगठनात्मक कार्यों के दिशा-निर्देश

प्रदेश के पूर्व सीएम, केंद्रीय मंत्री और करनाल से लोकसभा सांसद मनोहर लाल करनाल जिले के दौरे पर रहे। घरौंडा के रेस्ट हाउस में दो घंटे रुके।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व करनाल से लोकसभा सांसद मनोहर लाल शनिवार को करनाल जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने सबसे पहले घरौंडा के विश्रामगृह में रुककर करीब दो घंटे तक हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण से भेंट की और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके बाद वे करनाल के कर्ण कमल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा की जिला कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्यों से मुलाकात की और संगठनात्मक कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सभी जिलों में नई कार्यकारिणी टीमों का गठन कर दिया गया है और वे स्वयं इन टीमों से सीधा संवाद कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल पर गीता का श्लोक दोहराया



#### कर्म करो, फल की चिंता मत करो

पत्रकारों द्वारा जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब चाहा गया, तो मनोहर लाल ने सीधे उत्तर देने के बजाय श्रीमद्भगवद्गीता का श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन दोहराया। उन्होंने कहा कि कर्म करना हमारा अधिकार है, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि पार्टी में जो भी निर्णय होंगे, वह संगठन के स्तर पर तय किए जाएंगे। उन्होंने कर्म पर ध्यान केंद्रित करने और परिणाम की चिंता किए बिना कार्य करने की सलाह दी।

### गुरुग्राम में बेटी की हत्या पर बोले-यह मानसिकता चिंता का विषय

बेटी की हत्या पर जताई चिंता

समाज में बदलती सोच को बताया कारण

जल विवाद पर जताई संतुष्टि

गुरुग्राम में एक पिता द्वारा अपनी बेटी की हत्या किए जाने के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए मनोहर लाल खट्टर ने इसे गंभीर और मानसिक चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना की एफआईआर दर्ज हो चुकी है और आरोपी पिता को गिरफ्तार किया जा चुका है। परिवारों में पहले संस्कार और तालमेल बुजुर्गों की उपस्थिति से मिलता था, लेकिन अब वह तंत्र टूट रहा है और पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव भी कई सामाजिक विकृतियों को जन्म दे रहा है।

#### पानी के मुद्दे पर बोले पंजाब से बातचीत सही दिशा में चल रही

पंजाब द्वारा हरियाणा को पानी न देने के मसले पर मनोहल लाल ने कहा कि दोनों राज्यों के बीच बातचीत सही दिशा में चल रही है और यह स्थिति जल्द ही सुलझ सकती है। उन्होंने आशा जताई कि यह मसला सौहार्दपूर्वक हल होगा और हरियाणा को उसका उचित जल हिस्सा मिलेगा।

## छोटी खबरें

### श्रीराम मंदिर में सावन उत्सव मनाया



करनाल। श्रीराम मंदिर, सेक्टर-8 में सावन मास की श्रृंखलाबद्ध धार्मिक गतिविधियों के तहत दूसरे दिन भव्य आयोजन हुआ। मुख्य जजमान के रूप में ओनी कुथुरिया और गीता भाटिया ने विशेष पूजा अर्चना की। आयोजन के दौरान भोलेनाथ के मंच पर अनिमेष का जन्मदिवस भी श्रद्धा से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक किया और बेलपत्र, तुलसी, मंजरी, गुलाल, फल और यजोपवित से आराधना की। भक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें अनु रॉकेट का "मेला मेला मेला मेरे भोले ने लाया मेला" भजन विशेष आकर्षण रहा। सुशील मदन ने "मेरा नाचे भोलेनाथ" गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इस अवसर पर रेनू तनेजा, अशोक मदान, वेद दादा, लाल बत्रा, अनिल छाबड़ा, नीरज कपूर, मुरारी बत्रा, अमीबा गुप्ता, पर्व गुप्ता, सुनैना, मनी, अंजू बाला, स्रीदिया कौशिक, अक्षय अवसर ग्रोवर, संतोष गुप्ता, ऋतुराज, चंद्र अरोड़ा, रेखा त्रिखा, रीना गुप्ता व मीनाक्षी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### इनेलो ने घोषित की शहरी कार्यकारिणी



करनाल। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने शनिवार को अपनी शहरी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। जानकारी देते हुए शहरी जिला प्रधान राजेश सिंगला ने बताया कि यह नियुक्तियाँ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष चौ. रामपाल माजरा और जिला प्रधान सुरजीत पहलवान के परामर्श से की गईं। घोषित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान अचल सिंह दलाल, उपप्रधान राजेन्द्र गुप्ता, सतीश अग्रवाल, रामकरण गोयल, विजेंद्र मंडान, बलराज मान, प्रधान महासचिव कुनाल गोयल, महासचिव विजय गर्ग, नरेश कैरो, मनोज हुड्डा, रतन लाल गोयल, राकेश अरोड़ा, सचिव सुरेंद्र हुडिया, सीताराम गोयल, फाजिल खान, पंकज लूथरा, ओमप्रकाश डडवाल, कोषाध्यक्ष दिलीप बंसल, कार्यालय सचिव रितेश गौड़ व अन्य बनाए गए। राजेश सिंगला ने कहा कि कांग्रेस आपसी कलह में उलझी है जबकि विपक्ष की असली भूमिका इनेलो निभा रही है। मौके पर सुरजीत पहलवान, धर्मवीर पाढ़ा, सुरजीत संधू, कृष्ण लाल कुटेल, बलवान नरुखेड़ी, कविता धनखड़, मनिन्द्र पूनिया उपस्थित थे।

### लोक अदालतः 26934 मुकदमों का निपटारा



करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में करनाल सहित इन्द्री, असंध और घरौंडा की अदालतों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि कुल 29844 मुकदमे प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 26934 मामलों का समाधान हुआ। इनमें से 12794 ट्रैफिक चालान, 291 चैक बाउंस, 72 पारिवारिक विवाद और 18 मोटर दुर्घटना से संबंधित मामले शामिल रहे। इस लोक अदालत के माध्यम से 16.57 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान हुआ। विशेष उल्लेखनीय रहा कि 11 वर्ष पुराना "कश्मीर बनाम मैसर्ज सिमर इंटरप्राइजेज" का मुकदमा भी न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा ने निपटाया। बेंच में प्रवीण कुमार, खुशबू गोयल, हरीश सब्रवाल, उदय प्रताप, गौरंग शर्मा, अभिषेक वर्मा व नितिका बंसल जैसे न्यायाधीश शामिल थे।

### कार्ड धारकों को केवाईसी करने के निर्देश

तरावड़ी। उप निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने आज तरावड़ी ने सभी डिपो धारकों को यह निर्देश दिए कि खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार 30 जून 2025 तक जिले के सभी बीपीएल एवं एएवाई श्रेणी के कार्ड धारकों प्रत्येक बीपीएल एवं एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवाईसी अपडेट, वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण किया जाना था। इस कार्य को कार्डधारक स्वं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फेशियल ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है। इस कार्य के लिए कार्ड धारक को अब राशन डिपो पर जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी कार्डधारक अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से ई-केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करें तथा ई-केवाईसी पर क्लिक करें। सभी कार्डधारक इस एप में हरियाणा राज्य का चुनाव करके राशन कार्ड में दर्ज आधार नंबर दर्ज करना होगा और आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजना होगा। इसके बाद प्राप्त ओटीपी डालकर व कैप्चा कोड भरकर सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद कार्डधारक की डिटेल मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई देगी। इसके बाद कार्डधारक को अपने चेहरे पर फॉक्स करते हुए अपनी आंख को झपकना होगा तथा सफलतापूर्वक डाटा कैप्चर होने पर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी और कार्डधारक का डाटा अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया जाएगा। तरावड़ी केंद्र के सभी बीपीएल एवं एएवाई राशन कार्डधारक ई-केवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना ई-केवाईसी का जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि कार्डधारकों को पीडीएस से सम्बंधित मिल रही सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके।



**तरावड़ी।** जानकारी देते उप निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के अधिकारी सुरेन्द्र कुमार।

# एक लाख पौधों का लक्ष्य लेकर चला जिला परिषद करनाल

■ सुल्तानपुर व भैणी कलां में लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पर्यावरण को हरा-भरा बनाने की दिशा में जिला परिषद करनाल ने एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में जिला परिषद वार्ड 6 के सदस्य प्रतिनिधि विक्रम राणा के नेतृत्व में गांव सुल्तानपुर और भैणी कलां में पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, पंच-सरपंचों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सरपंच



जसमेर राणा, विनोद नंबरदार, सुशील अहिरिया, पालाराम, कविता, सुषमा आदि जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## असंध में मनाई जाएगी गुरु दक्ष प्रजापति जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश सरकार के तत्वावधान में 13 जुलाई, रविवार को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि होंगे और कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गंगावा भी शिरकत करेंगे। असंध के विश्रामगृह में आयोजित प्रेस वार्ता में धर्मवीर आर्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रजापति समाज के साथ-साथ सर्व समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज एक मेहनतकश वर्ग है और आज युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा और मेहनत के बल पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। समाज की बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और मिट्टी के बर्तन बनाने वालों को भी एक मंच उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर रामकुमार प्रधान, भाजपा नेता सचिन प्योंत, शशीष सरोहा, राजकुमार जुंडला, जयभगवान जयसिंहपुर, विनोद नारा, और पूर्व मंत्री राजेन्द्र सहित कई समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में दिव्यांश कौशिक का सम्मान व प्रदर्शनी

**तरावड़ी।** शनिवार को विद्यालय परिसर में एक विशेष प्रदर्शनी एवं संक्षिप्त सम्मान सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्र दिव्यांश कौशिक को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिनका यूनाइटेड कैंपस स्कूल में चयन हुआ । और जो आज देर रात अमेरिका के ह्यूस्टन, टेक्सास के लिए रवाना हो रहे हैं, जहां वे एक 15 दिवसीय प्रतिष्ठित फ्लैगशिप प्रोग्राम में भाग लेंगे। विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए भारत से केवल दो छात्रों का चयन हुआ है, जिनमें से एक दिव्यांश कौशिक हैं। यह पूरे विद्यालय, शहर और देश के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेनू बाला महापौर करनाल, प्रियंका काठपाल, उपाध्यक्ष, भाजपा उपस्थित रहीं। उन्होंने दिव्यांश कौशिक को उनके माता-पिता एवं बहन सहित माल्यार्पण कर, विद्यालय की ओर से उपहार एवं 5100/- की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया, दिव्यांश को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दिव्यांश की उपलब्धि को भारत के लिए गर्व की बात बताते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे अवसरों के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति से डॉ. राजन लांबा, प्रवीन डबरा एवं ऋषि राज लांबा की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य गुरविंदर चावला के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने दिव्यांश की कड़ी मेहनत, समर्पण और परिवार के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन चेयरपर्सन डॉ. राजन लांबा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं छात्रों का आभार प्रकट किया।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम में भाग लेते ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

# अयोध्या में धर्मशाला निर्माण को भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न

**तरावड़ी।** श्री राम सेवा सदन ट्रस्ट (पंजी.) द्वारा अयोध्या में एक विशाल धर्मशाला के निर्माण हेतु शनिवार को भव्य भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। यह पुनीत कार्यक्रम श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या के समीप 14,000 वर्ग गज के कुल क्षेत्रफल में होने वाले निर्माण कार्य के शुभारंभ का प्रतीक है। यह शुभ कार्य शनिवार प्रातः 7:30 बजे संपन्न हुआ, जिसमें अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। धर्मशाला का भूमि पूजन का पावन कार्य गैलेक्सी ग्रुप, गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, तरावड़ी करनाल के चेयरमैन विनोद गोयल, विजय गोयल, कृष्ण गोयल, मुनीश गोयल, सीमा गोयल, रजनी गोयल, समृद्धि गोयल सपरिवार के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। गैलेक्सी ग्रुप के चेयरमेन विनोद गोयल ने कहा कि पहले वह एक ब्रजवासी होने का सम्मान रखते थे और अब उन्हें एक अयोध्यावासी होने का गौरव प्राप्त हुआ है। पहले भी श्रद्धालुओं के लिए वृंदावन मे भी गैलेक्सी ग्रुप द्वारा आश्रम बनवाया हुआ है। जिसमें दूर रहना खाना



**तरावड़ी।** धर्मशाला के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे गैलेक्सी गुरप चैयरमेन विनोद गोयल, कृष्ण गोयल सहित परिवार के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

निशुल्क है। अयोध्या मे धर्मशाला के निर्माण से गैलेक्सी गुरप ने समाजसेवा के लिए तरावड़ी शहर मे इतिहास लिखने का काम किया है। यह धर्मशाला अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और किफायती आवास प्रदान करने में सहायक होगी।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर इंद्री में शिविर आयोजित

# 200 मरीजों ने करवाई आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

■ 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अर्पणा हस्पताल ले जाया गया

इंद्री में सरस्वती विद्या मंदिर, अर्पणा हस्पताल मधुबन व निफा के सहयोग से संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर इंद्री में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 200 मरीजों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई तथा 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अर्पणा हस्पताल ले जाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए सरस्वती स्कूल के संचालक कृष्ण चौधरी, निफा के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा, निफा सदस्य डा



**इंद्री।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर इंद्री में लगे नेत्र जांच शिविर में मरीजों की जांच करतीं डाक्टर। *फोटो : हरिभूमि*

सुरेन्द्र दत्त शर्मा ने बताया कि इस नेत्र जांच शिविर में सभी आयु वर्ग के मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई । इस शिविर में मरीजों को फ्री दवाईयां दी गई । उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि ऐसे शिविरों को आयोजन भविष्य में भी होता रहे। हमारा अगला मिशन एक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का है। अर्पणा हस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ स्तुति गर्ग ने बताया कि हमें अपनी आंखों की जांच करवाने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। नियमित रूप से आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में लगभग 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अर्पणा हस्पताल रेफर किया गया है। इन मरीजों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि हमें मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। आंखों को गंदे हाथ नहीं लगाने चाहिए। इस मौके पर निफा इंद्री के अध्यक्ष शिव शर्मा, अरुण शर्मा व नीरू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आर्य कॉलेज के छात्रों का हुआ चयन

**पानीपत।** विश्व प्रसिद्ध ट्रैवल टेक कंपनी ईज माई ट्रिप ने आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के तीन विद्यार्थियों लक्ष्मण, युक्ता और श्वेता का अपने यहां चयन किया है। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर मित्तल, प्राध्यापक नवीन, काजल राणा, साहिल शर्मा, यामिनि दहिया को बधाई दी और लक्ष्मण, युक्ता और श्वेता को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### दुकानदारों को परेशान ना करें

**पानीपत।** पानीपत में अमिक्रमण हटाने के नाम पर निगम के अधिकारी दुकानदारों को परेशान कर रहे हैं। भाजपा सरकार के ईशारे पर यह काम हो रहा है अगर चुनाव से पहले यह काम भाजपा कराती तो आज सत्ता में नहीं होती। यह विचार हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष गगन सेठी ने मीडिया के सामने व्यक्त किए। गगन सेठी ने कहा कि भाजपा झूठ की राजनीति करती है इसका सबसे बड़ा उदाहरण है आजकल शहर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों को नगर निगम के अधिकारियों द्वारा हर रोज परेशान किया जाना।

### धर्म सिंह छौक्कर के समर्थक निराश

**समालखा।** समालखा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर की सुप्रीम कोर्ट ने 600 करोड़ रुपये के रियल एस्टेट घोटाले मामले में न सिर्फ उनकी मेडिकल बेल बढ़ाने की याचिका को खारिज कर दिया है। बल्कि झूठी जानकारी देने पर उन्हें और उनके वकील को फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ आदेश दिया कि छौक्कर को तुरंत जेल में सरेंडर करना होगा। इसके चलते छौक्कर समर्थकों में निराशा का माहौल है।

### डांस कंपटीशन 20 जुलाई को

**पानीपत।** हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति को समर्पित संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट 20 जुलाई दोपहर 12 बजे सूर्य कवि दादा लख्मीचंद जयंती समारोह पर एसडी कॉलेज पानीपत में जोड़ी नंबर वन डांस कंपटीशन का आयोजन कर रहा है। अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि नृत्य कला उपासक महंत नैना शर्मा के सानिध्य में, मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, जिला पार्षद रणदीप कवि, इनेलो नेता धर्मवीर पाढ़ा, प्रधान एसडी कॉलेज दिनेश गोयल आदि कार्यक्रम में शोभा बढ़ाएंगे।

### दो युवतियों ने युवक के साथ की मारपीट

**पानीपत।** असंल सुशांत सिटी, हुडा सेक्टर 13/17 के मार्किट में दो युवतियों ने नेपाल के मूल निवासी युवक की पिटाई कर दी। वहीं युवक पर आरोप है कि वहां युवतियों गलत इशारे किए और उनका पर्स छीनने की चेष्टा की। ये युवतियां स्पा सेंटर में काम करती है। वहीं, हंगामा हुआ तो मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। भीड एकत्र होती देख युवक छत से नीचे कूद गया और उसके पैर की हड्डी टूट गई। वहीं, यह पूरा मामला स्पा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वहीं, दोनों पक्षों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है, पुलिस ने शिकायतों के आधार पर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ऑटो रिक्शा चालक के साथ मारपीट की

समालखा। समालखा में पुराना बस अड्डा के पास कई युवकों ने ऑटो रिक्शा चालक पप्पू के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं पप्पू ने मेडिकल जांच रिपोर्ट और सबूतों के साथ थाना पुलिस को शिकायत दी है। वहीं, समालखा चौकी इंचार्ज जितेंद्र अंतिल ने बताया कि पप्पू की शिकायत पर चार लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का गठन किया गया

# लोक अदालत में 43875 केसों का सहमति से हुआ निपटारा

लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है



पानीपत। पानीपत में आयोजित नेशनल लोक अदालत में केसों की सुनवाई करे हुए न्यायधीशगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुदेश शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में शनिवार को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है। वहीं, वर्षा शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। सभी के लिए न्याय तक पहुंच के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे खुलासा किया है कि पानीपत और सब डिविजन समालखा में मिलाकर कुल 50457 मुकदमों को लिया गया था जिनमें से 43875 मुकदमों को पानीपत और सब डिविजन समालखा में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया। लोक अदालत में निपटान की राशि 7,44,92,675/- रुपये थी। पानीपत जिले में 43875 मुकदमों का निपटारा किया गया।


समालखा। समालखा के विधायक मनमोहन भडाना, जन सुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# जनहित में कार्य कर रही सरकार

- विधायक मनमोहन ने खुला दरबार लगा कर जनसुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

विधायक मनमोहन भड़ाना ने अपने निवास पर खुला दरबार लगाकर जनसमस्याओं का निपटारा किया। वहीं, उपस्थित लोगों ने भड़ाना का स्वागत भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समालखा की जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले मिलेंगे। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जनसेवक बनकर क्षेत्र की जनता की भलाई के कार्यों के लिए निस्वार्थभाव से तत्पर रहेंगे। आगामी दिनों में समालखा हलका में विभिन्न विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएंगे। विधायक भड़ाना ने कहा कि समालखा की जनता से उनके राजनीतिक रिश्ते नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ते हैं।

खुला दरबार में लोगों ने बीपीएल कार्ड, टूटी सड़क का निर्माण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त ना होना सहित कई विभागों से संबंधित शिकायत रखी। एक प्रमुख समस्या लोगों ने बताई कि मनाना रोड फाटक पर फलाई ओवर ब्रिज का काम चलते कई वर्ष हो गए मगर अभि तक काम पूरा नहीं हुआ। इस पर विधायक ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को आवश्यक निर्देश दिए। भडाना ने दावा किया कि भाजपा सरकार जनहित में कार्य कर रही है। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार,डीएसपी नरेंद्र कादियान, विधायक प्रतिनिधि विजय शेखर आदि उपस्थित रहे।


समालखा। समालखा की सर्विस लेन पर खडा बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि

# सफाई के अभाव में बरसाती पानी भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा में साईं गार्डन के समीप सर्विस लाइन के नालों की सफाई नहीं होने के चलते बरसात से फिर पानी भर गया है। वहीं, समालखा की जनता की मांग पर एनएचएआई विभाग ने सड़क पर कंक्रीट मसाला डालकर औपचारिकता पूरी करते हुए सर्विस लाइन को दोनों ओर से बंद कर रखा था कि बुधवार को फिर हुई बरसात में इसी सड़क पर अपनी क्षमता से ज्यादा बरसाती पानी भर गया। तारा एनक्लेव कॉलोनी निवासी बाबूलाल शर्मा, मामन छोकर, अजय कुमार, रामनिवास सिंगला, राजेश कुमार, ममता देवी, लक्ष्मी आदि ने बताया कि सर्विस रोड पर पानी भरा होने के कारण उन्हें गलत दिशा में वाहन चलाने पड़ते हैं जिसके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। बरसाती पानी खड़े हुए करीब 15 दिन से भी ज्यादा का समय बीत गया है। विभाग इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है। उनकी इस कॉलोनी में करीब पांच सौ मकान है। सभी लोगों को शहर में जाने के लिए इसी सर्विस लाइन का प्रयोग करना पड़ता है। तारा एनक्लेव कॉलोनी प्रशासन से खड़े बरसाती पानी को निकलवाने व बंद पड़े तारों की सफाई की मांग की है।

# छात्रों की तरक्की की राह है अनुशासित मेहनत

- डीपीएस पानीपत सिटी में विद्यार्थियों की केबिनेट का गठन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



डीपीएस पानीपत सिटी के विद्यार्थी शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में को अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, कॉर्डिनेटर आभा विषद एवं पूनम नेगी, मुख्याध्यापिका सरिता विज डीपीएस अंसल जूनियर, शिक्षकगण तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्र उच्चारण के साथ प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा संगीत एवं नृत्य आदि अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। अलंकरण समारोह के अंतर्गत प्रीतम पांडेय को हेड ब्वॉय, मनकीरत को हेड गर्ल, हरिओम को हेड ब्वॉय हॉस्टल, अनामिका को हेड गर्ल हॉस्टल, कविश को जूनियर हेड ब्वॉय तथा कीरत को जूनियर हेड गर्ल, डीपीएस अंसल के विद्यार्थी ग्रीतव डुरेजा को हेड ब्वॉय एवं आव्या मलिक को हेड गर्ल की उपाधि से विभूषित किया गया। छात्रों की तरक्की की राह अनुशासित मेहनत है। इधर, प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने सभी चयनित विद्यार्थियों को तथा उनके अभिभावकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। चयनित विद्यार्थियों को शैसे, बैज और ध्वज प्रदान किए गए।

# भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी


भाजपा के जिला सचिव नरेश बैनीवाल का स्वागत करते हुए समालखा के नागरिकगण। फोटो : हरिभूमि

- नरेश बैनीवाल का फूल माला और खाटूश्यामजी की प्रतिमा देकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर समालखा में भाजपा का धन्यवाद करते हुए नवनियुक्त भाजपा पानीपत जिला सचिव व कष्ट निवारण समिति सदस्य बने नरेश बैनीवाल का फूल माला और खाटूश्यामजी की प्रतिमा देकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं नरेश ने कहा कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्दिर प्रबंधक समिति के प्रधान अनिल बैनीवाल द्वारा की गई। इस समारोह में अखिल भारतीय जाट महासभा सभा और छत्तीस बिरादरी के सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से धन सिंह कुहाड, जगदीश रमन, सुन्दर सिंह बैनीवाल, दयानन्द बैनीवाल, सतबीर बैनीवाल, पार्षद मनीष बैनीवाल, सन्दीप बैनीवाल, विक्की बैनीवाल, योगेन्द्र बैनीवाल, विकास बैनीवाल, प्रवीण बैनीवाल, करमबीर बैनीवाल, ईश्वर सिंह कुहाड, चांद रमन, सर्वजीत बंसल, तनु बैनीवाल, महामंत्री रोकी वर्मा, पंडित सुभाष शास्त्री, डॉ गुरू दत्त अनेजा, मां राजकुमार त्यागी, रामफल गाहल्याण, सुरेश शर्मा, डॉ राकेश त्यागी, राज सिंह चौहान समेत बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने सत्ता में रहते जनता का शोषण किया

- भाजपा का जिला प्रवक्ता बनने पर पराशर का जनता ने अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


भाजपा जिला प्रवक्ता वेद पराशर का अभिनंदन करते हुए भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के पानीपत जिला प्रवक्ता बनने वेद पाराशर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा सत्ता का सुख भोगने के लिए जनता से झूठे वादे किए, जनता का वोट लेकर सरकार बनाई और जनता का ही शोषण किया। जबकि भाजपा ने सत्ता को जनता की सेवा का माध्यम मना है। देश भर में मोदी सरकार और हरियाणा में नायब सरकार जनता की बिना किसी भेदभाव के सेवा कर रही है। वहीं वेद के निवास पर उनका अभिनंदन करने वालों का तांता लगा है। अपने सहयोगियों का आभार जताते हुए वेद ने आरोप लगाया कि जनता ने अब कांग्रेस को विपक्ष में बैठा दिया है। इसके बावजूद भी कांग्रेसी जनता के बी जाकर भाजपा पर झूठे आरोप गा रहे है। उन्होंने आरोप लाया कि कांग्रेस विपक्ष की रचनात्मक भूमिका नहीं निभा रही है। जबकि सत्तारूढ भाजपा जनता की तन मन धन से सेवा कर रही है। इस अवसर पर पार्षद रजनी गर्ग, सुरेंद गर्ग, प्रीतम गुर्जर, मुकेश बॉस, पार्षद रॉकी गहलोत, अमित मक्कड़, वीरेंद्र शर्मा, बलबीर शर्मा, सुमित मित्तल सुनील कंसल, राजेंद्र शर्मा, राजेश भारद्वाज, स्वामी नरेशानंद महाराज, मुनीष जैन भावना जैन, संतोष बहन समेत बडी संख्या में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वेद पराशर का अभिनंदन किया।

### इसको लेकर पूर्व में बार के प्रधान ने प्रार्थना पत्र दिया था

# लायर्स चैंबर्स बिल्डिंग के बिजली के बिलों में एडजस्टमेंट की

*पूर्व प्रधान द्वारा दी गई एप्लीकेशन के माध्यम से बिजली के बिलों में 13 लाख रुपये की एडजस्टमेंट की गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लायर्स चैंबर्स बिल्डिंग के बिजली के बिलों में 13 लाख रुपये की एडजस्टमेंट की गई है। इसको लेकर पूर्व में बार के प्रधान ने प्रार्थना पत्र दिया था। वकीलों को राहत मिलने पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अमित कादियान ने अन्य वरिष्ठ वकीलों के साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा से मिलकर उनका बुक्के देकर धन्यवाद कर सम्मान किया। वहीं, अमित कादियान ने कहा कि पूर्व में लॉयर्स चैंबर्स कांपलैक्स पानीपत फेस-वन और फेस-टू के बिजली बिल के बारे में अप्रैल सन 2023 से चालू वर्ष के जून तक फिक्स्ड चार्ज को रिमूव या एडजस्ट करने की एप्लीकेशन जिला एवं सत्र न्यायाधीश को इसी वर्ष मई माह में दी गई थी। यह फिक्स चार्ज अप्रैल वर्ष 2023 से लायर्स चैंबर्स बिल्डिंग के बिजली के बिल में लगकर आते थे जिसका बोझ सभी वकीलों पर पड़ता था। पूर्व प्रधान द्वारा दी गई एप्लीकेशन के माध्यम से बिजली के बिलों में 13 लाख रुपये की एडजस्टमेंट की गई है। वहीं, यह जिला सत्र न्यायाधीश सुदेश शर्मा व पूर्व प्रधान अमित कादियान द्वारा पहल वकीलों के वैलफेयर के लिए की गई थी। इसके साथ ही पूर्व प्रधान कादियान व अन्य सीनियर अधिवक्ताओं द्वारा वकीलों के वैलफेयर के लिए एक और एप्लीकेशन जिला सत्र न्यायाधीश को दी गई थी जिसमें इलेक्ट्रिसिटी लिफ्ट, कॉरिडोर, सबमर्सिबल पंप, टॉयलेट आदि के लिए लगभग 50 किलो वाट के सोलर पैनल को लगवाने के लिए आग्रह किया गया था, जिसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा द्वारा इस पहल को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने पूर्व प्रधान अमित कादियान द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। जबकि इस अवसर पर बार के पूर्व प्रधान सत्येंद्र सिंह, पूर्व प्रधान प्रकाश गाहल्याण, कमल भारद्वाज, रामभज सैनी, रमेश गुप्ता, सुशील गौड़ समेत बडी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



पानीपत के जिला जज सुदेश शर्मा को फूल भेंट करते हुए बार के पूर्व अध्यक्ष अमित कादियान, आदि। फोटो :हरिभूमि

# पुलिस ने 10 जुआरी पकड़े 13220 रुपये बरामद किए

## आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत पुलिस ने जुआ सट्टा खाईवाली सहित अवैध कार्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है।

अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने दो स्थानों पर जुआ खेल रहे व सट्टा खाईवाली कर रहे 10 आरोपियों कृष्णा गार्डन कॉलोनी निवासी अमरनाथ, नरेश मौर्य, अनिल, दारा सिंह महतो, इंद्र लाल, सोनीपत के ढुराना गांव निवासी सन्नी, तहसील कैंप प्रकाश नगर निवासी विनोद, एकता विहार कॉलोनी निवासी तैयब व मलिक कॉलोनी निवासी अर्जुन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास मौके से जुआ व सट्टा खाईवाली में दाव पर लगी 13220 रुपये की नकदी बरामद की है है।

वहीं, आरोपी अमरनाथ व सन्नी जुआ खिला रहे थे और आरोपी दारा महतो, इंद्र लाल, नरेश मोर्य, अनिल, विनोद, तैयब व अर्जुन जुआ खेल रहे थे। वहीं सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव नारायणा अड्डा नहर पुल पर सट्टा खाईवाली कर रहे मुकेश निवासी गांव मनाना को सट्टे के नंबरों की पर्ची व दाव पर लगी 9,150 रुपये की नकदी सहित काबू किया। आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किए है।

